## Headline

1. Sensex Opening Bell: शेयर बाजार में बड़ी गिरावट; खुलते ही 550 अंक टूटा सेंसेक्स, निफ्टी 25000 के करीब पहुंचा
2. North Korea: उत्तर कोरिया का तानाशाह बाढ़ से 4000 लोगों की मौत पर भड़का, 30 अधिकारियों को फांसी पर लटकाया


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 53 | इंदौर, बुधवार 04 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए










# सोशल मीडिया पर छा रही एमपी की सड़कें

## इंदौर सहित अन्य शहरों की सड़कों के वीडियो तेजी से हो रहे वायरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर/भोपाल। इन दिनों सोशल मीडिया पर मध्यप्रदेश की सड़कों को लेकर मीम्स और वीडियो अपलोड किए जा रहे हैं। प्रदेश में भारी बारिश के बाद सड़कों की हालत खस्ता है और जिम्मेदार केवल पैचवर्क कर रहे हैं। बारिश थमने के बाद सड़कों की मरम्मत की जाएगी। फिलहाल आम लोग सड़कों के गड्ढों को लेकर परेशान है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में सड़क के गड्ढे बताते हुए युवक कहता है कि ये है इंदौर का पॉश इलाका महालक्ष्मी नगर, यहां महंगी प्रॉपर्टी के साथ गड्ढे फ्री हैं। इसी तरह गड्ढे वाली सड़क के एक और वायरल वीडियो पर लिखा है कि अमेरिका से वापस आने के बाद हमारे गांव की सड़क ने ऐसा स्वागत किया। इस सड़क से रोज तीन गांवों के लोग अपनी जान पर खेलकर निकलते हैं।

वीडियो सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। इसमें एक यूट्यूबर बाकायदा इंची टेप लेकर इंदौर की सड़कों के गड्ढों को नाप रहा है। एक मिनट 14 सेकेंड के इस वीडियो में गड्ढों में गाड़ी चलाने वालों का फूलमालाओं से स्वागत भी करता है। वह उन्हें कहता है कि इस साहसिक कार्य के लिए उनका सम्मान किया जा रहा है। साथ ही एक लाठी भी देता है कि गड्ढों में गाड़ी चलाने के बाद उनकी कमर की हालत भविष्य में खराब होगी इसलिए उन्हें इस लाठी की जरूरत पड़ेगी। व्यंग्यात्मक तरीके से बनाए गए इस वीडियो में यूट्यूबर महालक्ष्मी नगर एरिया के गड्ढे वाली सडक़ दिखाते हुए कहता है कि इस एरिया में महंगी प्रॉपर्टी के साथ गड्ढे फ्री मिलेंगे।

एक वीडियो को जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मनावर के विधायक हीरा अलावा ने भी अपने एक्स अकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा- शिवराज जी, आपके अमेरिका जैसी सड़कों के दावे को सलाम। एमपी की सड़कों पर 4-6 फीट और हर टाइप के गड्ढे मिल जाएंगे। आपके 20 साल तक मुख्यमंत्री रहने के बाद भी एमपी की सड़कों के ये हाल हैं। साथ ही वे लिखते हैं कि सीएम मोहन यादव जी, क्या यही है आपके विकास का मॉडल। किसानों और आम जनता को परेशान करने वाली सड़कों को ठीक करने की जरूरत है। अमेरिका जैसी सडक़ें बनाने के लिए अभी भी समय है।

कौसर निजामी नाम के सोशल मीडिया यूजर ने अपने एक्स अकाउंट पर ये वीडियो पोस्ट किया। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा- सरकार बजाय मुसलमानों के घरों पर बुलडोजर चलाने के जिन हिंदू भाइयों से वोट लेती है, कम से कम उनके









लिए सडक़ें बनवा दे, ताकि वो फिर वोट दे दें। वरना अयोध्यावासियों की तरह गुस्सा फूट पड़ेगा। आगे लिखा- ये मध्यप्रदेश के रीवा जिले में त्योंथर तहसील की सडक़ है।

एक और वीडियो एक सितंबर को जीतू पटेल नाम के यूजर ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया। वीडियो के साथ लिखा- भोपाल की खराब सड़कों के गड्ढों पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बीजेपी के झंडे लगाए। उन्होंने गड्ढे वाली सड़कों के खिलाफ अभियान चलाकर बीजेपी का विरोध किया। ये झंडे काफी देर तक सड़कों पर लगे रहे और आने जाने वाले लोग लुत्फ उठाते रहे।

इसी प्रकार एक वीडियो मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने पोस्ट किया। कैप्शन में लिखा- मप्र में सड़कों की हालत। ये भोपाल की बैरसिया तहसील की सडक़ है, जिसमें एक हफ्ते पहले ही पैचवर्क किया गया था। लेकिन एक हफ्ते बाद ही सडक़ उखडऩे लगी। क्या यही है सरकार की विकास की गारंटी, जो एक हफ्ते में सडक़ टूटने लगी? क्या यही हैं वाशिंगटन से अच्छी सडक़ें?

गड्ढे में हिचकोले खाती बस का ये वीडियो उसके पीछे चल रही एक कार से बनाया गया है। अशोक नगर के सामाजिक कार्यकर्ता अशोक शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि अमेरिका से वापस आने के बाद हमारे गांव की सडक़ ने ऐसा स्वागत किया।

रोज इस सडक़ से तीन गांव के लोग अपनी जान पर खेलकर निकलते हैं। यहीं से स्कूल की बस भी जाती है। एम्बुलेंस तो आती ही नहीं है। वे आगे लिखते हैं- अमेरिका से बेहतर मध्यप्रदेश की सडक़ें।

### पिता-पुत्र की मौत पर इंदौर संभागायुक्त को ज्ञापन

# ब्राह्मण समाज ने गृहमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में की मजिस्ट्रियल या सीबीआई जांच की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मेहगांव जिला धार में श्रीराम मन्दिर के पुजारी अजय दुबे और उनके पुत्र शशांक दुबे की हत्या या आत्महत्या की निष्पक्ष मजिस्ट्रियल या सीबीआई जांच की मांग को लेकर समाजजन ने सोमवार को गृहमंत्री के नाम संभागायुक्त को ज्ञापन दिया।**

इस ज्ञापन में फरार अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने, इस अपराध में लिप्त थाना धामनोद के पुलिसकर्मियों को अपराधी बनाने एवं परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता की मांग की गई है। बावीसा ब्राह्मण समाज इंदौर, समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपकर विरोध प्रदर्शित किया गया। ज्ञापन संभागायुक्त की अनुपस्थिति में संयुक्त संभागायुक्त शैली कनाश द्वारा लिया गया।

### तीन आरोपी अभी भी फरार

उल्लेखनीय है कि पण्डित अजय दुबे और उनके पुत्र शशांक दुबे पर चोरी का झूठा इल्जाम लगाते हुए थाना धामनोद पर एक आवेदन दिया गया, जिसमें मेहगांव की दर्शना, प्रज्ञा, मनीष, राजू उर्फ आशीष, नरेन्द्र, गजेन्द्र, सुनील एवं भूपेन्द्र पाटीदार ने थाना धामनोद के एसआई नरबत सिंह ठाकुर के साथ मिलकर दोनों पिता-पुत्र अजय एवं शशांक दुबे को 16 से 19 अगस्त तक रोजाना थाने पर बुलाया गया उनके साथ बेरहमी से मारपीट की। अवैध पैसे को मांग भी की गई, उनके लापता होने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट भी नहीं लिखी गई। बाद में परिवार व अन्य के सहयोग से ढूंढने पर दोनों के शव बरामद हुए थे। इस घटना में संलिप्त एसआई नरबत सिंह ठाकुर को सोमवार को ही निलंबित कर किया गया है। तीन आरोपी अभी भी फरार हैं। समाज द्वारा विशेष रूप से यह मांग भी की गई है कि 16 से 19 अगस्त तक जिस दिन वे थाने से घर नहीं गए, इन दिनों के थाना के सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच भी की जाए।

# करेंगे शिव पार्वती का पूजन

### दूसरे दिन विराजेंगे रिद्धी-सिद्धी के दाता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 6 सितम्बर को हरितालिका तीज का व्रत है। इस दिन सुहागिनी महिलाएं भगवान शिव-पार्वती का पूजन कर पति की लंबी आयु के साथ सुख समृद्धि की कामना करेंगी। कुंवारी बालिकाएं अच्छे पति की इच्छा के लिए व्रत रखेगी।**

7 सितम्बर को गणेश चतुर्थी से दस दिनी गणेशोत्सव की शुरुआत होगी। पहले दिन घरों, प्रतिष्ठानों में रिद्धि सिद्धि के दाता विराजेंगे। भक्ति भाव का यह क्रम अनंत चतुर्दशी तक चलेगा। इसी प्रकार उत्सव के छठे दिन 14 सितम्बर को डोल ग्यारस रहेगी। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण का सूरज पूजन होगा। डोल के रुप में भक्तगण भगवान कृष्ण की पूजा करेंगे। यह चल समारोह भी देरतात तक निकलता है।

हिंदुओं के पर्व के बीच 16 सितम्बर को मुस्लिम समाज का ईद मिलाब उन नबी रहेगा। इस दिन मुस्लिम समाज घरों में उत्साह मनाते हुए लजीज पकवान बनाते हैं। दीपावली की तरह मनाए जाने वाले इस पर्व का समाजजनों को बेसब्री से इंतजार रहता है।

### परम्पराओं का कारवां

गणेश उत्सव के अंतिम दिन 17 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी रहेगी। इस दिन शहर की बंद पड़ी कपड़ा मिलों से परम्पराओं को जीवित रखने झिलमिलाती झांकियां का कारवां निकलेगा। यह कारवां भी शाम से शुरू होकर अलसुबह तक चलता रहता है, जिसे लाखों आंखें निहाकर मजदूरों को श्रम की प्रशंसा करती है।

### पितरों को करेंगे याद

18 सितम्बर से 16 दिन का श्राद्ध पक्ष शुरू होगा। इन दिनों में मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। लोग अपने पूर्वजों का आशीर्वाद पाने उनका तर्पण करते हैं। दान पुण्य के साथ पंडितों, गाय, श्वान और कौवे को भोजन कराया जाता है।

# शहर में शांति के साथ अस्पतालों में सुरक्षा कड़ी रहे-पुलिस आयुक्त

### त्यौहारों को देखते बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आगामी त्यौहारों को देखते हुए शहर में शांति व्यवस्था कायम रखते हुए अस्पतालों में सुरक्षा पर ध्यान दिया जाए। हाईकोर्ट में समयसीमा में केस डायरी पेश की जाए। यह निर्देश पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में गणेशोत्सव, मिलादुन्नबी ईद, डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी को सर्वोच्च प्राथमिकता से लेते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ त्यौहार मनाएं।**

#### यह भी करे पुलिस अधिकारी

- सभी त्यौहारों की लिस्ट बनाकर उसका कैलेंडर तैयार करें। कैलेंडर के हिसाब से सभी अधिकारी एवं थाना प्रभारी कार्ययोजना पर कार्य करें।
- त्यौहारों के आयोजक के संबंध में पूर्ण जानकारी स्थान, दिनांक, समय, समारोह हो तो उसका रूट, आयोजक के नाम-फोन नंबर की जानकारियां पुलिस अपने पास रखे।
- चल समारोह, यात्रा तथा पांडालों की पूर्ण जानकारी के साथ आयोजकों ने उसकी अनुमति ली है कि नहीं उसे भी चेक करें।
- शांति समिति की बैठक, गणमान्य नागरिकों एवं आयोजकों की निरंतर थाना स्तर एवं वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर बैठक लेकर समन्वय स्थापित करें।
- संवेदनशील धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर वहां फिक्स पिकेट, मोबाइल पेट्रोलिंग सुनिश्चित करें।
- धार्मिक आयोजन के दौरान यदि कोई पूर्व में विवाद हुआ हो तो उसकी भी अद्यतन जानकारी रखते हुए विवाद करने वालों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें।
- सोशल मीडिया पर उन्माद फैलाने वालों पर भी कड़ी नजर रखें।
- धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और चालू अवस्था में हैं कि नहीं उन्हें चेक करें।

## परिवाद समिति का होगा गठन

**इंदौर।** इंदौर जिले में समस्त शासकीय/अशासकीय कार्यालयों, संस्थाओं, संगठनों, उत्पादन, विक्रय वितरण सेवा केन्द्र/मनोरंजन, शिक्षण प्रशिक्षण संस्थाओं, नर्सिंग होम, अस्पताल आदि में जहां 10 या 10 से अधिक अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हो, उन कार्यस्थलों पर आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जायेगा। यह समिति महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रत्तितोषण) अधिनियम 2013 के नियम 04 के अंतर्गत गठित की जायेगी। आंतरिक परिवाद समिति गठित नहीं होने पर पचास हजार रूपये के जुर्माने का प्रावधान है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने बताया कि समस्त शासकीय/अशासकीय अस्पतालों/नर्सिंग होम में भी आंतरिक परिवाद समिति का गठन करने के निर्देश दिये गये हैं। आंतरिक परिवाद समिति में एक पीठासन अधिकारी (वरिष्ठ स्तर की महिला), कम से कम दो ऐसे सदस्य जो महिलाओं की समस्याओं के लिए प्रतिबद्ध है या समाज सुधार कार्य का अनुभव या विधिक ज्ञान रखते है सहित एक अशासकीय सदस्य जो गैर सरकारी संगठनों का हो और महिलाओं की समस्याओं के प्रतिबद्ध तथा लैगिक उत्पीडन संबंधी मुद्दों से परिचित हो को शामिल करना होगा।

# कलेक्टर आशीष सिंह ने बुजुर्ग दम्पत्ति को दिलाया उनके मकान का कब्जा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह की संवेदनशीलता से इंदौर के सुदामा नगर निवासी बुजुर्ग दंपत्ति को उनके मकान का कब्जा मिला है। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के समक्ष सुदामा नगर इंदौर निवासी आवेदिका श्रीमती विजयलक्ष्मी पति जिनेश कुमार कोठारी द्वारा शिकायत की गई थी कि घर के खर्च तथा दवाईयां आदि के खर्चे हेतु उन्होंने सुदामा नगर स्थित स्वयं के नाम का घर किरायेदार प्रतीक पिता भूषण कुमार सक्सेना को 28 जून 2023 को निवास करने हेतु दिया गया था। आवेदिका श्रीमती विजयलक्ष्मी कोठारी कैंसर पीड़ित है तथा उनके पति हार्ट पेशेंट है। दोनों इंदौर में अकेले रहते है। उनका पुत्र निलेश बाहर रहता है। आवेदिका ने बताया कि किरायेदार प्रतीक पिता भूषण कुमार सक्सेना द्वारा घर में कुत्ता पाल लिया तथा ब्यूटी पार्लर का कार्य करने लगे। किरायेदार द्वारा बिजली का बिल नहीं दिया जाता था और ना ही पानी का बिल दिया गया। किराये की राशि मांगने पर विवाद किया जाता। आवेदिका द्वारा उक्त संबंध में थाने में भी शिकायत की गई थी। वह पिछले एक वर्ष से परेशान हो रही थी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा उक्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गये। एसडीएम राऊ श्री विनोद राठौर ने बताया कि कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार उक्त मकान खाली करवाने की कार्यवाही की गई तथा मकान का कब्जा बुजुर्ग दम्पत्ति को सौंप दिया गया है।

# राष्ट्रपति जी के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियां प्रारंभ

### जिला प्रशासन तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। आज यहां जिला प्रशासन तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल पहुँचकर तैयारियों का जायजा लिया गया। इस मौके पर संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर श्री राकेश गुप्ता, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, कुलगुरु श्रीमती रेणु जैन, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, एडिशनल पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के सभागृह में निरीक्षण के दौरान मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, आगमन एवं निर्गमन, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान निर्देश दिए गए की सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय पर राष्ट्रपति जी की गरिमा के अनुरूप सुनिश्चित की जाए।



# सोयाबीन की फसल लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे किसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अत्यधिक बारिश और मौसम की मार से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तेज बारिश से फसलों को काफी नुक्सान हुआ है। इंदौर और इसके आसपास के इलाकों में अधिकांश किसान आलू और सोयाबीन की फसल लगाते है।

### अधिकारियों को दिखाई खराब फसल, सर्वे और मुआवजे की मांग की

इस बार उनकी फसलें खराब हो गई हैं। मंगलवार को बड़ी संख्या में किसान कलेक्टर खराब फसलों के हिस्सों को फसल को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने फसलों का सर्वे और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। किसानों के साथ में कांग्रेस के नेता भी थे। किसानों ने एडीएम गौरव बैनल को फसल को दिखाई और जल्द से जल्द सर्वे करके सरकार से मुआवजा दिलाने की मांग की है। कांग्रेस नेताओं ने भी सोयाबीन के दाम कम होने पर सरकार को घेरा। एडीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि जल्द उनके खेतों का सर्वे किया जाएगा और उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर समय पर उचित मुआवजा नहीं मिला तो वे सडक पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

# कंपनी के नाम से बेच रहे थे नकली बिजली के तार

## शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने डेढ लाख का माल पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अपने फायदे के लिए लोगों की जान जोखिम में डालने वालों पर क्राइम ब्रांच पुलिस ने कार्रवाई की है। दरअसल बिजली के तार(वायर) बनाने वाली नामी कंपनी के नाम से नकली तार बेचे जा रहे थे। क्राइम ब्रांच की टीम ने शिकायत के बाद डेढ लाख का माल जब्त करते हुए एक आरोपी को गिर तार कर लिया जबकि उसके मालिक की तलाश की जा रही है।**

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि आरआर केबल कंपनी के अधिकृत प्राधिकारी से सूचना प्राप्त हुई थी कि सियागंज में आलोक जैन नाम का व्यक्ति उक्त कंपनी के हू बहू नकली वायरों के बंडल विक्रय कर रहा है तथा आरोपी शातिर होकर अपनी दुकान से माल न देकर अपने दुकान पर काम करने वाले नोकर के द्वारा रास्ते में कंही पर भी डिलेवरी देता है जिसे नेहरू पार्क के सामने से क्राइम ब्रांच की टीम ने गिर तार कर लिया। गिरफ्त में आए नौकर का नाम अजय पिता शंकरलाल मालवीय निवासी जगन्नाथ नगर है। उसके कब्जे से पुलिस ने छह हजार मीटर आरआर कंपनी के नकली इलेक्ट्रिक वायर बरामद किए जिनकी कीमत करीब 80 हजार रूपए बताई जा रही है। वहीं पुलिस अब इसके मालिक आलोक जैन की तलाश कर रही है। उसके गिर त में आने के बाद इस पूरे खेल से पर्दा उठ सकेगा।

# बहाने से बुलाकर दोस्त ने किया दुष्कर्म

## पीड़िता उज्जैन की है रहने वाली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाणगंगा में उज्जैन की रहने वाली एक युवती के दोस्त ने रेप किया। आरोपी ने पहले दोस्ती की फिर माता-पिता से शादी की बात करने के लिए इंदौर बुलाया। वह जब आरोपी के घर पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ रेप किया। इसके बाद आरोपी ने मोबाइल पर मिलने के लिये धमकाया। पीड़िता ने परेशान होकर पिता को पूरी बात बताई। इसके बाद पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 19 साल की युवती की शिकायत पर विशाल पुत्र मोहनलाल निवासी बलवीर अखाड़े के पास पर रेप और धमकी देने का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी मां का देहांत हो गया है। वह अपने पिता के साथ रहती है। भाई मामा के पास रहता है। उसने बताया कि वह विशाल से एक साल से संपर्क में थी। विशाल ने कहा कि वह उसे पंसद करता है। शादी करेगा और जल्द अपने माता-पिता से मिलवाएगा। 5 जुलाई को इंदौर में सहेली के घर की ओपनिंग हुई। इस दौरान इंदौर आना हुआ। विशाल से भी मोबाइल पर बात हुई। उसने कहा कि तुम आई हो तो माता-पिता से भी मिलवा देता हूं। उनसे शादी की बात कर लेंगे। मैं विशाल के घर पहुंची लेकिन उसके माता-पिता वहां नहीं थे। पूछा तो कहा कि मैंने जानबूझकर यहां बुलाया है। मैं बाहर निकलने लगी तो कमरे में धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद उसने रेप किया। मैं विशाल से छूटकर भागी और सीधे बस में बैठकर उज्जैन पहुंची।यहां परिवार को पूरा घटनाक्रम बताने के बाद विशाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी।

# प्रेमिका ने ब्रेकअप किया तो प्रेमी ने जमकर पीटा

## घटना राजेंद्र नगर इलाके की, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राजेन्द्र नगर में 17 साल की नाबालिग प्रेमिका की उसके प्रेमी ने पिटाई कर दी। प्रेमिका ने & साल की रिलेशनशिप से ब्रेक अप किया तो प्रेमी ने अपने दिलाए गए मोबाइल की किश्त मांग ली। प्रेमिका ने इनकार किया तो उसने पिटाई कर दी।**

राजेन्द्र नगर थाना प्रभारी सियारामसिंह गुर्जर मुताबिक 17 साल की छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने उसके प्रेमी पीयूष पुत्र संतोष लश्करी निवासी अरिहंत नगर पर मारपीट करने और गाड़ी में तोडफ़ोड़ करने के मामले में केस दर्ज किया है।

पुलिस से शिकायत में छात्रा ने बताया कि 3 साल से दोनों का अफेयर है। पीयूष के व्यवहार के कारण ब्रेकअप कर लिया था। पीयूष ने मोबाइल दिलाया था। जिसकी किश्त वही जमा कर रहा था। लेकिन ब्रेकअप के बाद वह मुझसे पैसे मांगने लगा। इसके लिए वह कॉल कर परेशान कर रहा था। छात्रा उससे मिलने चमेली देवी स्कूल केसरबाग रोड के यहां पहुंची। तब पीयूष को 2 हजार रुपए छात्रा ने दे दिए। पीयूष ने कहा कि 21 सौ रुपए की किश्त भरना है। छात्रा ने कहा बाद में दे दूंगी। इस बात पर पीयूष अपशब्द कहने लगा। फिर छात्रा की एक्टिवा में डंडे से तोडफ़ोड़ कर दी।छात्रा ने मौके पर मां और बुआ को बुलाया। पीयूष ने दोनों से बदसलूकी की। इसके बाद छात्रा ने पीयूष के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया है।

# सूने मकान से नगदी और जेवरात ले उड़े चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूडिय़ा इलाके में एक सूने मकान में दिनदहाड़े घुसे बदमाश 2& हजार रूपए नकद के साथ साथ सोने चांदी के जेवर चुरा ले गए। थाना लसूडिय़ा पुलिस के मुताबिक चोरी की वारदात पंचवटी कालोनी में हुई। फरियादी नितिन पिता पृथ्वीराज सिंह देशमुख ने पुलिस को बताया कि वारदात सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच उनके सूने मकान में हुई। वे किसी काम से बाहर गए थे। लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। भीतर जाकर देखा तो अलमारी का सामान भी बिखरा हुआ था। उसमें रखे सोने चांदी के आभूषण, दो घडिय़ां और नकदी 2& हजार रूपए गायब थे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खगाल रही है।

# मोबाइल लुटेरो को पीछा कर पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भंवरकुआं इलाके में एक युवक का मोबाइल फोन लूटकर भाग रहे बाइक सवार बदमाश को पीछाकर लोगों ने धरदबोचा। उसकी पिटाई की और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। थाना भवरकुंआ पुलिस के मुताबिक लूट की वारदात गणेश नगर में संत नगर गार्डन के पास हुई। फरियादी अभिषेक पिता विमलेश पाठक निवासी संत नगर खंडवा की रिपोर्ट पर आरोपी कान्हा उर्फ आकाश पिता कैलाश राठौर निवासी ग्राम दामकुआं पुनासा जिला खंडवा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक फरियादी मोबाइल पर बातें कर रहा था तभी बाइक एमपी 12 जेड 8109 पर सवार होकर आए आरोपी कान्हा उर्फ आकाश ने उसके हाथ से झपट्टा मारकर मोबाइल छीना और भाग गया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। उसे थाने ले गए और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# डॉक्टरों पर कमीशनखोरी की पोस्ट पर बवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। डायग्नोस्टिक सेंटर ने Linkedln पर पोस्ट की, जिसमें लिखा था- महंगी जाचों में देश के डॉक्टरों को 40-60% कमीशन मिलता है। इस पोस्ट से सोशल मीडिया पर बवाल मच गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने डायग्नोस्टिक सेंटर के डायरेक्टर अर्पित कोठारी को नोटिस जारी कर दिया। करीब 14 घंटे बाद रविवार को पोस्ट डिलीट कर दी गई। शनिवार को अपलोड हुई इस पोस्ट में डायग्नोस्टिक सेंटर ने ये भी लिखा था कि हम कमीशन पर विश्वास नहीं रखते। हम रेट कम रखकर इसका सीधा फायदा मरीजों को देते हैं। सेंटर डॉक्टर द्वारा रेफर किए गए मरीजों को लेकर न दबाव में आता और न ही समझौता करता है। हम डॉक्टरों के कहने पर सर्जरी या महंगा ट्रीटमेंट बताकर मुनाफा नहीं कमाते। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. नरेंद्र पाटीदार और डॉ. अक्षत पांडे ने डायग्नोस्टिक सेंटर के अर्पित कोठारी को नोटिस जारी कर Linkedln पर माफी मांगने के लिए कहा है। नोटिस में कहा गया, आपकी इस आपत्तिजनक पोस्ट से डॉक्टरों का एक बड़ा वर्ग परेशान है। इंदौर में समर्पित डॉक्टरों की मेहनत, ईमानदारी पर सवाल खड़े कर उन्हें गुनाहगार बता दिया। आपकी पोस्ट बहुत निराशाजनक और अप्रत्याशित प्रतिक्रिया है। इसे लेकर Linkedln पर माफी के साथ स्पष्टीकरण दें। आपने डॉक्टरी जैसे नोबल प्रोफेशन को दोषी बताकर हमें बदनाम किया है। डायग्नोस्टिक सेंटर ने पहले खुद के रेट और दूसरे सेंटरों के रेट बताए, जिस पर यूजर्स ने रिएक्ट करना शुरू कर दिया। 14 घंटों में 5 लाख से ज्यादा लाइक्स और 200 से ज्यादा कमेंट्स आए। नीरज अग्रवाल नाम के यूजर ने सवाल किया - हाल ही में मैंने अपनी चाची का इंदौर में एक प्राइवेट सेंटर से एमआरआई ब्रेन स्कैन करवाया। इसके 7 हजार रु. लगे। आप यही जांच इतने कम रेट में कैसे करते हो ?नीरज को जवाब देते हुए डायग्नोस्टिक सेंटर के डायरेक्टर अर्पित कोठारी ने लिखा - यह देश का दुर्भाग्य है कि यहां महंगी जाचों का 40-60% कमीशन डॉक्टरों का होता है।

# गांजे की डिलेवरी देने से पहले पकड़ाया तस्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिया पुलिस ने युवक को पकड़ा जो पैजल ही गांजे की डिलेवरी देने जा रहा था उसके मोबाइल में ग्राहकों के नंबर निकले हैं। बताते हैं कि खुद भी पुडिय़ा बेचता था और आर्डर पर एक दो किलो माल दे देता था।**

डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि जोन में आपरेशन इग्ल क्ला चलाकर लगातार पेडलरों को पकड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में एसीपी कुदंन मंडलोई और कनाडिय़ा थाना प्रभारी केपी यादव को सूचना मिली कि कनाडिय़ा ब्रिज से युवक गांजा लेकर जाएगा। इस पर अफसर कनाडिय़ा ब्रिज के पास पहुंचे और एक किनारे जाकर छिप गए। मौके से जैसे ही युवक गुजरा उसे धर लिया। गिर त में आए तस्कर ने अपना नाम अजय सिंह सोलंकी निवासी बड़वानी बताया। ये अजयबाग मूसाखेड़ी में पीयूष चौहान के मकान में किराए से रह रहा था। सोलंकी पर शक न हो इसलिए बरमुंडा पहनकर पीठ पर बैग लटकाकर डिलेवरी देने जाता था। उसे लोग डिलेवरी बाय या स्टूडेंट समझते थे। बडवानी से गांजा लाकर इंदौर में अलग अलग ठियों पर डिलेवरी देता था। खुद भी घर पर पुडिय़ा बनाकर ग्राहकों को गांजा बेच देता था। एसीपी कुंदन मंडलोई ने बातया कि सोलंकी के स्कूल और कालेज के कई छात्र छात्रा ग्राहक हैं। इसके मोबाइल में उनके नंबर मिले हैं। वो इससे फोन कर पुडिय़ा लेते थे। दो दो सौ रूपए से लेकर तो पांच पांच सौ रूपए तक पुडिय़ा बेचता था।

# जान से मारने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। छोटी ग्वालटोली पुलिस ने संदीप यादव की रिपोर्ट पर सत्री शुक्ला के खिलाफ धमकी का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी को वो फोन पर लगातार धमका रहा था और हत्या की धमकी दे रहा था। जब शिकायत की तो जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इसके अलावा हातोद पुलिस ने अजय दीक्षित की रिपोर्ट पर संजय उर्फ संजू सोलंकी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि पहले भी इनके बीच में झगड़ा हो चुका है। कल भी इसी बात पर मारपीट हो गई।

# 9 सितंबर को आएगा आकाश विजयवर्गीय मामले में कोर्ट का फैसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में पूर्व भाजपा विधायक आकाश विजयवर्गीय के बल्ला कांड में विशेष न्यायालय में सोमवार को बहस पूरी हो गई। 9 सितंबर को कोर्ट फैसला सुनाएगी।**

पांच साल पहले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक तीन से विधायक रहते हुए विजयवर्गीय ने नगर निगम के अधिकारियों पर क्रिकेट का बल्ला चला दिया था।



अधिकारी जेल रोड क्षेत्र में जर्जर मकान को हटाने की कार्रवाई कर रहे थे। विजयवर्गीय कार्रवाई को रोकने व विरोध करने पहुंचे थे। इसी दौरान घटनाक्रम हुआ था।

**वकीलों की दलील-** बहस के दौरान विजयवर्गीय के वकीलों ने कोर्ट में कहा कि घटना का जो वीडियो पेश किया गया और बहुप्रसारित हुआ वह एडिटेड है। वहीं, बल्ला कांड में शिकार बताए गए और एफआईआर दर्ज करवाने वाले निगम अधिकारी भी बयान से पलट गए।

उन्होंने भी पूर्व विधायक द्वारा बल्ले से वार करने की बात को गलत बता दिया। वीडियो की फोरेंसिक जांच भी नहीं की गई।

सीएम मोहन यादव मिस्ड कॉल से बने भाजपा के सदस्य, बोले-

# हमारी सरकार ने कानून को सभी के लिए बराबर किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्रिमंडल के सदस्यों को मिस्डकॉल के माध्यम से (रेफरल कोड 1सी7डी4डी) सदस्यता दिलाकर मध्य प्रदेश में संगठन पर्व का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि वे खुद को भाग्यशाली महसूस करते हैं कि भाजपा के सदस्य बने। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हमेशा यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि कानून सबके लिए समान हो। मध्य प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रमार्ग पर चलने वाले एक-एक व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाएं। जब भाजपा कार्यकर्ता लोगों को पार्टी का सदस्य बनाने के लिए घर-घर संपर्क करें तो भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताएं और उन्हें एहसास दिलाएं कि भाजपा सरकार गरीबों के आंसू पोंछने का कार्य कर रही है।**

सीएम ने कहा कि बड़े लोग अपने उपयोग के लिए अपने घरों में हेलीकॉप्टर रखते हैं, लेकिन मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने गरीबों के घर तक हेलीकॉप्टर की सुविधा पहुंचाने का कार्य किया है। सदस्य बनाते समय भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश की जनता को बताएं कि भाजपा की सरकार गरीबों के लिए कार्य करने वाली सरकार है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए हमने 22,000 माइक हटाने का काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने अमरवाड़ा जैसे क्षेत्रों में भी भाजपा की विजय सुनिश्चित की, जो पहले कांग्रेस का गढ़ माने जाते थे।

सीएम ने कहा कि छल, प्रपंच और झूठ की राजनीति करने वाले लोगों को जवाब देने के लिए भाजपा कार्यकर्ता पंचनिष्ठा के साथ सबको गले लगाएं और मध्य प्रदेश के लिए निर्धारित लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाकर इतिहास बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिस तरह आप सभी कार्यकर्ताओं ने विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में अपने अथक मेहनत से इतिहास बनाया है, उसी तरह लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाकर फिर इतिहास बनाएं।




प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि इस सदस्यता अभियान के तहत प्रदेशभर के कार्यकर्ता जुड़े हैं। 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर सदस्यता ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि देशभर में 1 करोड़ 31 लाख लोग कुछ ही समय में भाजपा के सदस्य बने हैं, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि 2019 में भाजपा के 18 करोड़ सदस्य थे और अब यह संख्या और भी ज्यादा हो चुकी है।

### डेढ़ करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश में डेढ़ करोड़ नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया में केवल तीन देश हैं जो दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मारते हैं– अमेरिका, इस्राइल और भारत।' उन्होंने यह भी कहा कि सांसदों, विधायकों और अन्य पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान के लिए लक्ष्यों को पूरा करना होगा। सांसदों को 25 हजार और विधायकों को 15 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है।

### अभियान का पहला चरण 25 सितंबर तक

सदस्यता अभियान का पहला चरण 25 सितंबर तक चलेगा, जिसमें पूरे देशभर में 10 करोड़ नए सदस्यों को भाजपा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। मध्य प्रदेश में डेढ़ करोड़ नए सदस्य जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें शिक्षक दिवस पर निजी शिक्षकों को सदस्यता दिलाने के लिए भी दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## कांग्रेसियों ने सड़क के गड्ढों का विरोध करने निकाला नया तरीका, पहले लगाए BJP के झंडे फिर किया श्राद्ध



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल।** कांग्रेसियों ने खराब सड़कों का विरोध करने के लिए नया तरीका इजाद किया है। इसके लिए जिले के कांग्रेसियों ने पहले तो सड़क पर मौजूद बड़े-बड़े गड्ढों में भाजपा के झंडे और बेशर्म की टहनियां लगाई और वहीं उपलों में आग लगाकर विकास के श्राद्ध की आहुति भी दे दी।

बैतूल शहर में बारिश के मौसम में आलम ये है कि नगर पालिका द्वारा बनवाई गई सड़कों पर बड़े- बड़े गड्ढे हो गए। इस सड़क पर जब भी कोई वाहन लेकर निकले तो उसकी झूला-झूलने सी हालत हो जाती है। ऐसे में इन खस्ताहाल सड़कों को लेकर विरोध करते हुए कांग्रेस ने शहर में हुए विकास कार्यों का हवन की अग्नि में आहुति देकर श्राद्ध इतिश्री कर दिया। तो उन गड्ढों में बेशर्म की लकड़ियां के साथ झंडे भी गाड़ दिए।

कांग्रेसियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ये सड़कों को बने अभी छह महीने ही हुए हैं, जो की कायाकल्प योजना के अंतर्गत बनाई गई थी। प्रदर्शन के दौरान मौजूद कांग्रेस के पूर्व विधायक निलय डागा ने भी नगर पालिका पर विकास कार्यों में भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए। ये भ्रष्टाचार का ही नतीजा है कि कम समय में ही ये सड़कें जर्जर हो गईं और शहरवासियों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

बैतूल के पूर्व विधायक निलय डागा ने कहा कि बारिश में शहर का विकास भी बह गया। छह महीने पहले कायाकल्प योजना के तहत बनाई गई सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। नगर पालिका के अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

वहीं, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे ने कहा कि शहर की सड़कों पर मौजूद गड्ढों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और विकास का श्राद्ध किया। छह महीने में ही सड़क उखड़ गई है, ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर करने की मांग की गई है। अगर एफआईआर नहीं होती है तो कांग्रेस धरना प्रदर्शन करेगी।

## म्यूजियम से 10 करोड़ के सिक्के-गहने-बर्तन चुराए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। भोपाल के स्टेट म्यूजियम से मंगलवार को चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। वह यहां रविवार शाम से था। सोमवार को म्यूजियम बंद रहता है। एक दिन की छुट्टी के बाद आज सुबह 10.30 बजे जब कर्मचारियों ने म्यूजिम का ताला खोला तो अंदर दो रूम में गैलरी के कांच टूटे थे। सामान गायब था।



म्यूजियम में तैनात होमगार्ड्स और प्राइवेट गार्ड्स ने सर्च शुरू की। दालान में आरोपी बेहोश पड़ा मिला। उसके पैर में चोट है। बगल में एक बड़ा बैग पड़ा था। श्यामला हिल्स थाने से भी पुलिस मौके पर पहुंच गई। बैग में 2000 साल पुराने गुप्त काल के सोने के सिक्के, ब्रिटिश काल और नवाबी काल के सोने के सिक्के पाए गए। जेवर, बर्तन और दूसरी पुरानी कीमती चीजें मिलीं। दालान की जिस दीवार के पास आरोपी पड़ा मिला, वो करीब 23 फीट से ज्यादा ऊंची है। डीसीपी जोन 3 रियाज इकबाल के मुताबिक, 'आरोपी दीवार फांदना चाहता होगा, इसी कोशिश में गिर गया। म्यूजियम में 50 से ज्यादा फिंगरप्रिंट्स मिले हैं। शुरुआती जांच में यही लग रहा है कि आरोपी अंदर अकेला ही था। बाहर उसका कोई साथी था या नहीं, पूछताछ करेंगे।' डीसीपी के मुताबिक, आरोपी विनोद यादव बिहार के गया का रहने वाला है। प्रोफेशनल चोर लग रहा है। हमारी एक टीम गया भी रवाना हुई है। रविवार को यह टिकट लेकर म्यूजियम घुसा और अंदर ही छिप गया। म्यूजियम की सुरक्षा के लिए तैनात गार्ड बिल्डिंग को लॉक कर कैम्पस में आ गए। आरोपी के पास से चोरी गया सारा सामान बरामद हुआ है। इसकी कीमत 8 से 10 करोड़ रुपए के बीच होगी। कुछ सोने के सिक्के तो 50 से 100 ग्राम तक के हैं। यह माल तो सिर्फ दो रूम का था, पूरे म्यूजियम में करीब 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की चीजें होंगी।

# संपादकीय

## कब रुकेगी हिंसा, केंद्र मणिपुर के मामले में साइलेंट क्यों

एक भी ऐसा संकेत नजर नहीं आता, जिससे पता चले कि सरकार मणिपुर में हिंसा रोकने को लेकर गंभीर है। सवा साल से ऊपर हो गए, मगर अब भी वहां कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष जारी है। इन समूहों के उग्रवादी संगठन लक्षित हिंसा करने लगे हैं। वे पहले दूसरे समूह के लोगों के घरों को चिह्नित करते हैं और फिर हमला कर देते हैं। इंफल के पश्चिमी हिस्से में हुआ ताजा हमला इसका उदाहरण है। उसमें एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। घायलों को गोली लगी है। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने संकल्प लिया है कि वे किसी भी चरमपंथी गुट को कट्टरपंथी और राष्ट्र-विरोधी नहीं बनने देंगे। विचित्र है कि वे कई मौकों पर दोहरा चुके हैं कि स्थिति काबू में है, अब वे अरामबाई तेंगगोल जैसे चरमपंथी संगठनों पर शिकंजा कसने की बात कर रहे हैं। मणिपुर सरकार के गृहमंत्रालय ने कहा है कि ताजा घटना में उग्रवादियों ने ड्रोन का उपयोग कर लक्षित हिंसा की। समझना मुश्किल है कि मणिपुर में सक्रिय उग्रवादियों की गतिविधियों पर नजर रखना इतना मुश्किल क्यों बना हुआ है और वे कैसे अत्याधुनिक तकनीक और हथियारों का इस्तेमाल कर पा रहे हैं। छिपी बात नहीं है कि मणिपुर का सारा संघर्ष सरकार की शिथिलता की वजह से पैदा हुआ है। शुरू में ही अगर सरकार ने दोनों समुदायों के बीच पैदा हुई गलतफहमी को दूर करने का प्रयास किया होता, तो वैमनस्यता की आग इस हद तक न भड़कने पाती। मगर सरकार ने न तो बातचीत की पहल की और न उपद्रवियों पर काबू पाने की कोशिश। यही वजह है कि पिछले वर्ष शुरू हुई हिंसा के बाद कई थानों और शस्त्रागारों से हथियार लूट लिए गए और उनका हिंसा में इस्तेमाल होता रहा। पुलिस की मौजूदगी में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने, उनसे बलात्कार और उनकी हत्या तक की घटनाएं हो चुकी हैं। मगर उन पर कार्रवाई में तत्परता नहीं दिखाई गई। अब तक दो सौ से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। हजारों लोग अपना घर-बार छोड़ कर शिविरों में रहने को मजबूर हैं। हजारों घर और पूजा स्थल तोड़-फोड़-जला दिए गए।

### अर्ज किया है..!

*जब किसी ने क़द ओ गेसू*
*का फ़साना छेड़ा*
*बात बढ़ के रसन-ओ-दार*
*तक आ पहुँची है*

*-कलीम उस्मानी*

isha




*आपका कर्म उससे नहीं बनता जो आपके साथ हो रहा है। आपके साथ जो हो रहा है, आप उसे कैसे अनुभव और रेस्पांड करते हैं, कर्म उससे बनता है।*

**– जग्गी वासुदेव**

### ज्ञान-विज्ञान

# ऋग्वेद में 6,000 साल पहले सूर्य ग्रहण का उल्लेख

## टाटा इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने की बड़ी खोज




खगोलविदों को हाल ही में सूर्य ग्रहण का सबसे पुराना उल्लेख मिला है। प्राचीन हिंदू ग्रंथ ऋग्वेद में उन्होंने लगभग 6,000 साल पहले हुए ग्रहण का उल्लेख पाया है। लगभग 1500 ईसा पूर्व संकलित, ऋग्वेद ऐतिहासिक घटनाओं के अभिलेखों के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक और दार्शनिक विचारधाराओं से संबंधित कथनों और भजनों का एक संग्रह है। इनमें से अधिकांश घटनाएं उस समय की हैं जब ग्रंथ लिखा गया था, उनमें से कुछ और भी पुरानी हैं।

### ◆ ऋग्वेद में प्राचीन ग्रहण का जिक्र

जर्नल ऑफ एस्ट्रोनॉमिकल हिस्ट्री एंड हेरिटेज में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के खगोलविद मयंक वाहिया और जापान की नेशनल एस्ट्रोनॉमिकल ऑब्जर्वेटरी के मित्सुरु सोमा ने बताया कि उन्हें एक प्राचीन ग्रहण का उल्लेख मिला है। ऋग्वेद के विभिन्न अंशों में वसंत विषुव के दौरान उगते सूर्य के स्थान का उल्लेख किया गया है, जिसमें एक संदर्भ में बताया गया है कि यह घटना ओरियन में हुई थी, जबकि दूसरे में कहा गया है कि यह प्लीएड्स में हुई थी।

### ◆ पृथ्वी के धुरी पर घूमने का भी उल्लेख

पृथ्वी के अपनी धुरी पर घूमने के साथ, इन महत्वपूर्ण खगोलीय घटनाओं की सापेक्ष स्थिति भी बदल जाती है। वर्तमान में, वसंत विषुव मीन राशि में है, लेकिन यह लगभग 4500 ईसा पूर्व ओरियन और लगभग 2230 ईसा पूर्व प्लीएड्स में था। इससे खगोलविदों के लिए उस समय अवधि का पता लगाना संभव हुआ है, जब यह घटना घटी थी।

### ◆ ऋग्वेद में सूर्य ग्रहण के बारे में क्या लिखा है

ग्रहण का वर्णन करने वाले अंशों में घटना का उल्लेख नहीं है। लिखा है कि वे सूर्य के अंधकार और उदासी से “छेदे” जाने और दुष्ट प्राणियों द्वारा सूर्य की “जादुई कलाओं को लुप्त करने” के बारे में बात करते हैं। हालांकि, इनका राहु और केतु की कहानी से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि वे अधिक आधुनिक मिथक हैं। जबकि, ऋग्वेद उनसे काफी पुराना है। इन उल्लेखों के बाद के अंशों ने खगोलविदों को पूर्ण सूर्य ग्रहण की समय सीमा को भी बताया है, जिससे पता चलता है कि यह घटना शरद विषुव से तीन दिन पहले हुई थी।

Uttarakhand

# चार साल की मासूम के साथ स्कूल में गैंगरेप, तीन नाबालिग स्कूली छात्र आरोपी

**ऊधम सिंह नगर, (एजेंसी)** उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर में एक 4 साल की मासूम स्कूली छात्रा के साथ गैंगरेप की घटना सामने आई है. आरोप है कि छात्रा के साथ स्कूल में पढ़ने वाले तीन छात्रों ने इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया. इस घटना के सामने आने के बाद हड़कंप मच गया और पुलिस ने केस दर्ज कर स्कूली बच्चों को हिरासत में लेकर चाइल्ड केयर भेज दिया.

एसएसपी डॉक्टर मंजू नाथ टीसी ने बताया कि सुरक्षा को देखते हुए इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है. एलकेजी में पढ़ने वाली 4 साल की मासूम बच्ची के साथ गलत काम किया. आरोपी बच्चे पहली,



दूसरी और पांचवीं कक्षा के छात्र हैं और उनकी उम्र 9, 11 और 14 साल है. आरोपियों में एक विशेष समुदाय का होने के चलते एहतियात के तौर पर इलाके में भारी फोर्स तैनात कर दी गई है. पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपी बच्चों को संरक्षण में लिया. पुलिस ने बताया कि गांव की रहने वाली महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी चार साल की बेटी के साथ स्कूल के तीन छात्रों ने गैंगरेप किया. पीड़ित मां ने बताया कि वो ऐसे ही गांव के एक सरकारी स्कूल में पढ़ने चली जाती है. घर आकर रोते हुए उसने बताया कि तीन बच्चों ने उसके निजी अंगों के साथ छेड़खानी की है.

Uttarpradesh

## 8वीं पास फर्जी कॉन्स्टेबल ने 6 महिला सिपाहियों से किया रेप, वेबसाइट से डिटेल लेकर करता था बातचीत



**बरेली, (एजेंसी) यूपी के बरेली में फर्जीवाड़े का एक ऐसा मामला सामने आया है कि पुलिस अधिकारी भी सुनकर हैरान रह गए. यहां एक शख्स ने फर्जी कॉन्स्टेबल बनकर महिला पुलिसकर्मी से न सिर्फ ठगी की, बल्कि दिखावटी शादी भी कर ली. उसने ऐसा सिर्फ एक महिला पुलिसकर्मी के साथ ही नहीं बल्कि कई के साथ किया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.**

पुलिस ने बताया कि आरोपी राजन वर्मा लखीमपुर खीरी जिले का रहने वाला है. वो लंबे समय से फरार चल रहा था. आरोप है कि पुलिसकर्मी बनकर न सिर्फ कई महिला कॉन्स्टेबल को अपनी हवस का शिकार बनाया, बल्कि अब तक न जाने कितनी महिलाओं को शिकार बन चुका है. इस बारे में पुलिस गहनता से जांच कर रही है. आरोपी ने महिला पुलिस कर्मियों को हवस का शिकार बनाने का साथ-साथ झांसे में लेकर उनसे लाखों रुपये भी ठगे. आरोपी ने लखीमपुर की ही एक महिला कॉन्स्टेबल को अपने झांसे में लिया, उससे शादी कर ली. लेकिन जल्द ही राजन की हकीकत उस महिला सिपाही के सामने खुल गई. राजन वर्मा पुलिस में नहीं है, बल्कि आठवीं पास है.

New Delhi

## दिल्ली पुलिस के हवलदार ने कनपटी पर गोली मारकर दी जान, बरामद हुआ मोबाइल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में पुलिस कालोनी के भीतर दिल्ली पुलिस के हवलदार ने गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक की शिनाख्त विकास चौधरी (38) के रूप में हुई है। विकास ने देसी तमंचे से खुद की कनपटी पर गोली मारी। सूचना मिलते ही जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। विकास के शव के पास ही तमंचा और एक कारतूस पड़ा मिला। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस को मृतक के पास से फिलहाल कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस अधिकारियों का कहना है कि विकास पिछले कुछ समय से डिप्रेशन का शिकार था। इसकी वजह से वह काफी परेशान था। पिछले करीब चार दिन से वह दफ्तर भी नहीं आ रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। विकास का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर पड़ताल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा उसके साथ काम करने वाले बाकी पुलिस कर्मियों से भी पूछताछ की जा रही है।

Maharashtra

## महाराष्ट्र में दर्दनाक हादसा, बिस्कुट बनाने वाली मशीन में फंसा 3 साल का बच्चा, मौत

**ठाणे, (एजेंसी) महाराष्ट्र के ठाणे में एक बुस्कुट के कारखाने में दिल दहला देने वाली घटना हुई है। एक हादसे में तीन साल के मासूम की मौत हो गई। बिस्कुट बनाने वाली मशीन की बेल्ट में फंस जाने से तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार को अंबरनाथ में हुई।**



अंबरनाथ पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, '' आयुष चौहान अपनी मां के साथ बिस्कुट के कारखाने गया था, जहां उसकी मां टिफिन पहुंचाती है। बच्चे ने मशीन की बेल्ट से एक बिस्कुट उठाने की कोशिश की और वह उसमें फंस गया। कारखाने के कर्मचारियों ने उसे बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।''

उन्होंने बताया कि पीड़ित के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है और दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है।

खेल

# दीप्ति जीवांजी ने महिला 400 मीटर में जीता कांस्य

## भारत के खाते में आया 16वां पदक

**पेरिस, (एजेंसी)** भारतीय महिला पैरा एथलीट दीप्ति जीवांजी ने महिला 400 मीटर टी20 वर्ग में कांस्य पदक जीता। दीप्ति ने फाइनल में 55.82 सेकेंड का समय लिया और उनका रिएक्शन टाइम 0.164 सेकेंड रहा। इस तरह दीप्ति तीसरे स्थान पर रहीं। भारत ने इस तरह पेरिस पैरालंपिक में 16वां पदक जीता। यह मंगलवार को भारत का पहला पदक रहा। इससे पहले भारत ने सोमवार को कुल आठ पदक अपने नाम किए थे।

इसी महीने 21 बरस की होने वाली दीप्ति यूक्रेन की यूलिया शुलियार (55.16 सेकेंड) और विश्व रिकॉर्ड धारक तुर्किये की आयसेल ओंडर (55.23 सेकेंड) के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। टी20 श्रेणी बौद्धिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए है।




### विश्व पैरा एथलेटिक्स में जीता था स्वर्ण पदक

दीप्ति ने पैरा एशियन गेम्स और विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। वह फाइनल में स्वर्ण पदक विजेता एथलीट से 0.66 सेकेंड पीछे रहीं। दीप्ति से पहले भारत के लिए प्रीति पाल ने महिला 100 मीटर और 200 मीटर टी35 स्पर्धा में कांस्य पदक जीते थे। दीप्ति ने इसी साल मई में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 400 मीटर टी20 स्प्रिंट में 55.07 सेकेंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया था और स्वर्ण अपने नाम करने में सफल रही थीं। इसी के साथ उन्होंने पेरिस पैरालंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया था। हालांकि, उनका रिकॉर्ड रजत पदक विजेता एसेल ने तोड़ा जिन्होंने 54.96 सेकेंड का समय लिया था।

### गरीबी में बिताया बचपन, माता-पिता के समर्थन से बढ़ीं आगे

तेलंगाना के वारंगल जिले के कलेडा गांव में जन्मीं दीप्ति ने पैरा स्पोर्ट्स की दुनिया में उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। बौद्धिक दुर्बलता और गरीबी सहित कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, दीप्ति एक विश्व रिकॉर्ड धारक और कई लोगों के लिए प्रेरणा की किरण बन गई हैं। दीप्ति का प्रारंभिक जीवन वित्तीय संघर्षों और सामाजिक पूर्वाग्रहों से भरा था। उनके माता-पिता दिहाड़ी मजदूर थे, जिन्हें गुजारा चलाने के लिए अपनी जमीन भी बेचनी पड़ी थी।

सिनेमा

# फेमस मलयालम एक्टर पर महिला ने लगाया यौन शोषण का आरोप, दी सफाई, बोले- सब झूठ है



जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट सामने आने के बाद से मलयालम सिनेमा में मानो आग ही लग गई है. इस रिपोर्ट में फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के साथ हुए शारीरिक और यौन शोषण के बारे में खुलासे किए गए हैं. रिपोर्ट के सामने आने के बाद से इंडस्ट्री की कई एक्ट्रेसेज संग अन्य महिलाओं ने अपनी आपबीती सुनाई है, जिसने लोगों के होश उड़ा दिए हैं. इंडस्ट्री के बड़े एक्टर्स, डायरेक्टर्स पर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं. अब इस लिस्ट में एक्टर निविन पॉली का नाम भी जुड़ गया है.

एक महिला ने मलयालम एक्टर निविन पॉली पर यौन शोषण का बड़ा आरोप लगाया है. महिला ने केरल के एर्नाकुलम स्थित एक पुलिस थाने में निविन समेत 6 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यौन शोषण के मामले में महिला ने 6 लोगों पर आरोप लगाया है. इसमें पहली आरोपी श्रेया हैं. उनके अलावा प्रोड्यूसर एके सुनील, बीनू, बशीर, कुट्टन और निविन पॉली का नाम मामले में शामिल हैं. निविन इस मामले में छठे आरोपी हैं.

## Highlights

1. **BJP leader's nephew gets into fight outside UP eatery, shot dead**
2. **It was painful, couldn't watch: Cabin crew ex-chief of hijacked IC 814 flight on Netflix series**
3. **Kid tries taking biscuit from moving machine in Maha factory, dies**
4. **Silver-winning Paralympian Ajeet lost arm while trying to save friend in train accident**

# India's services sector growth accelerates to 5-month high in August, PMI shows



**NEW DEIHI, (Agency).** Activity in India's dominant services sector rose at its fastest pace in five months in August as demand remained resilient amid easing inflationary pressures, a survey showed.

The HSBC final India Services Purchasing Managers' Index , compiled by S&P Global, rose to 60.9 in August, up from July's 60.3 and exceeding a preliminary estimate of 60.4.

The reading, which has topped the 50-mark separating growth from contraction since August 2021, was above the long-run average and marked the highest level since March.

"This growth was largely fuelled by an increase in new orders, particularly domestic orders," said Pranjul Bhandari, chief India economist at HSBC.

The new business sub-index rose slightly from July to a four-month high and was above its historical average. International demand was also solid but the pace of growth softened sharply from July to a six-month low. Similarly, while business confidence remained positive in August it slid to its lowest in more than a year. Firms were optimistic about resilience in demand and hoped to see better growth in the year ahead.

Hiring in the services sector continued at a solid pace, despite easing to its weakest since April.

Cost pressures rose moderately last month on elevated food, labour and transportation costs, though the increase faced by service providers slowed to a four-year low.

"On a positive note, input costs rose at their slowest pace in six months, with both the manufacturing and service sectors exhibiting the same pattern.

# Top 10 quotes from Paul Graham's viral essay for all bosses: 'Founder mode vs manager mode'

**NEW DEIHI, (Agency).** Investor Paul Graham recently published an essay titled "Founder Mode" that has been widely discussed by the start-up ecosystem in Silicon Valley as well as India. The 59-year-old co-founder of accelerator Y Combinator, calls all leaders to run their companies in the "founder mode" instead of the "manager mode". The latter, which is conventional B-school wisdom, said founders must switch to manager mode if they wanted to scale up their companies. The leaders, according to this



school of thought, would not get into the smaller details and would rather prefer to delegate.

"In effect there are two different ways to run a company: founder mode and manager mode."

"Till now most people even in Silicon Valley have implicitly assumed that scaling a startup meant switching to manager mode."

"There are as far as I know no books specifically about founder mode. Business schools don't know it exists. All we have so far are the experiments of individual founders who've been figuring it out for themselves."

"The way managers are taught to run companies seems to be like modular design in the sense that you treat subtrees of the org chart as black boxes."

"Hire good people and give them room to do their jobs. Sounds great when it's described that way, doesn't it? Except in practice, judging from the report of founder after founder, what this often turns out to mean is: hire professional fakers and let them drive the company into the ground."

"Founders feel like they're being gaslit from both sides — by the people telling them they have to run their companies like managers, and by the people working for them when they do."

# लिफ्ट के डक्ट में गिरा डेढ़ साल का मासूम, मौत

## बड़े भाई के साथ खेलते-खेलते हुआ हादसा, डक्ट में पानी भरा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया में लिफ्ट के डक्ट में गिरने से डेढ़ साल के बच्चे की मौत हो गई। वह बड़े भाई के साथ खेलते हुए लिफ्ट के डक्ट में जा गिरा। वहां पानी भरा था। इसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। हादसे के वक्त मां खाना बना रही थी और पिता एटीएम से पैसे निकालने गए थे। पिता जब घर लौटे तब काफी देर तक बेटा नहीं दिखा। इसके बाद उन्होंने सभी जगह ढूंढना शुरू किया। हादसा मंगलवार शाम का है।**

टीआई तारेश सोनी के मुताबिक डेढ़ साल के रियांश पुत्र विशाल पटेल निवासी द एड्रेस टाउनशिप निपानिया में हादसे में मौत हो गई। वह लिफ्ट के डक्ट में परिवार को मृत अवस्था में मिला। पोस्टमार्टम के बाद बच्चे का शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पिता विशाल ने पुलिस को बताया कि पत्नी शाम करीब साढ़े छह बजे 6 साल के बेटे शिवा और रियांश को छोड़कर खाना बनाने लगी और वह एटीएम पर रुपए निकालने चले गए। इस दौरान दोनों बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। एटीएम से पैसे निकालकर विशाल घर लौटे। काफी देर तक रियांश नहीं दिखा तो उन्होंने बड़े बेटे शिवा से पूछा।शिवा ने बताया कि हम दोनों साथ-साथ खेल रहे थे। लेकिन रियांश वहां से कुछ दूर चला गया। इसके बाद पिता और मां ने पड़ोसियों के साथ बेटे को ढूंढना शुरू किया। कुछ देर बाद वह लिफ्ट के डक्ट में पड़ा मिला। वहां पानी भरा था। पिता विशाल ने उसे निकाला और बॉम्बे हॉस्पिटल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यहां से बच्चे का शव एमवाय अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद रियांश का शव परिजनों को सौंपा जाएगा। विशाल ने बताया कि उनका परिवार मूल रूप से ग्राम भगवान पुरा जिला खण्डवा का रहने वाला है। वह इंदौर में शिवालय इंटरप्राइजेस में चौकीदारी करते हैं।

## घायल ने तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सडक़ हादसे में घायल एख श स की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह गड्ढों के चक्कर में बाइक से गिर गया था। 40 साल के देवेंद्र कोरी निवासी आवास विहार के शव का एमवाय अस्पताल में पीएम हुआ। देवेंद्र कार ड्राइवर था। वह बाइक से निरंजनपुर घर के लिए सामान लेने गया था। लौटते समय सडक़ के गड्ढों के कारण बाइक फिसल गई और वह गिर गया था जिसके चलते इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया मगर इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन का कहना है कि जहां हादसा हुआ उस सडक़ पर गड्ढों की भरमार है बारिश के चलते यह गड्ढे हुए हैं। कई वाहन चालकों के वाहन फिसलकर यहां गिर जाते हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक